प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

11.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

## राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार

राष्ट्रंपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किये। इस वर्ष जमीनी स्तर पर शासन और सामुदायिक विकास की व्यापक उपलब्धियों को दर्शाते हुए विभिन्न श्रेणियों में कुल 45 व्यक्तियों को पुरस्कार के लिए चुना गया है। समारोह के दौरान पंचायती राज मंत्री पुरस्कार विजेता पंचायतों की नवाचारी और प्रभावी कार्य प्रणालियों पर एक पुस्तिका का अनावरण भी किया गया। मंत्रालय ने कहा है कि इन पुरस्कारों  का उद्देश्य अन्य पंचायतों को श्रेष्ठ कार्यप्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित करना और ग्रामीण भारत के समग्र विकास में योगदान देना है।

## मुख्यमंत्री

प्रदेश सरकार का दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर आज बिलासपुर के लुहणू मैदान में राज्यस्तरीय समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने छः नई योजनाओं का शुभारंभ किया और लाभार्थियों को वित्तीय लाभ वितरित किए। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्राकृतिक रूप से उत्पादित मक्की से तैयार हिमभोग आटा लॉन्च किया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के 10 जिलों में एक हजार 5 सौ 6 किसानों से 3 सौ 98 मीट्रिक टन मक्की की खरीद की है और किसानों के बैंक खातों में सीधे एक करोड़ 20 लाख रुपये हस्तांतरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रतिज्ञा पत्र निहित गांरटियों को पूरा करने के उद्देश्य से लघु किसानों और पशुपालकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से 3 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से जैविक खाद और वर्मी कम्पोस्ट खरीद की योजना शुरू की है। योजना के तहत सौ किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से एक लाख रुपये वितरित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट–अप योजना 2023 के अन्तर्गत 16 टैक्सी मालिकों को चाबियां प्रदान की। योजना के तहत लाभार्थियों को ई–टैक्सी खरीद के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ प्राप्त हुआ है।

## भाजपा ज्ञापन

इधर भाजपा ने प्रदेश की सुक्खू सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल के नेतृत्व में आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, विधायक रणधीर शर्मा, त्रिलोक जम्वाल सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। ज्ञापन में भाजपा ने मुख्यमंत्री कार्यालय बना भ्रष्टाचार का अड्डा, दो साल में विकास ठप्प और मुख्यमंत्री पर गम्भीर आरोप लगाए हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार का दो वर्ष का ये कार्यकाल प्रदेश के इतिहास में काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार दो वर्ष के कार्यकाल में आकण्ठ भ्रष्टाचार डूबी रही और मित्रों को अनैतिक रूप से लाभ पहुंचाकर फिजूलखर्ची को बढ़ावा देकर प्रदेश को आर्थिक दिवालियेपन के कगार पर खड़ा कर दिया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के इस कार्यकाल में कानून व्यवस्था चरमर्रा गई है और खनन, ड्रग, शराब, कबाड़, वन व भू–माफिया को संरक्षण देकर प्रदेश में माफिया राज स्थापित कर दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि मौजूदा कांग्रेस सरकार के जनविरोधी निर्णयों से प्रदेश के लोगों को परेशान किया जा रहा है।

## एमओयू

भारतीय सूचना प्रोद्योगिकी संस्थान ऊना और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर के बीच सूचना प्रोद्योगिकी की उच्च तकनीकों का प्रयोग कर मरीजों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध करवाने के लिए एक एमओयू हुआ है। इस एमओयू का उद्देश्य, स्वास्थ्य सेवाओं में ड्रोन, वर्चुअल रीयैलिटी तकनीकों और इंटरनेट का अधिक प्रयोग करना, आपसी ज्ञान को साझा करने और सहयोगी अनुसंधान के लिए मजबूत ढांचा तैयार करना और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए स्टार्टअप शुरू करने के लिए एक उपयुक्त वातावरण का निर्माण करना शामिल हैं।

प्रशिक्षण

कुल्लू जिले में स्थापित एनएचपीसी पार्वती जलविद्युत परियोजना चरण–2 ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से कुल्लू में संकट और आपदा प्रबंधन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान एनएचपीसी के कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान जलविद्युत परियोजनाओं में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। होमगार्ड और सिविल डिफेंस की सातवीं बटालियन कुल्लू ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थितियों में त्वरित व प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

................